भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **649**
दिनांक 4 फरवरी , 2021 / 15 माघ, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

एयर इंडिया का विनिवेश

649. श्री दीपक बैज:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एयर इंडिया के विनिवेश की प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) एयर इंडिया के विनिवेश के बाद सरकार द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवाओं के लिए सरकार की क्या योजना है;

(ग) हवाई यात्रा टिकटों के बदले सरकारी विभाग द्वारा एयर इंडिया को कितनी धनराशि दी जाती है; और

(घ) एयर इंडिया कितने दिनों के लिए सरकारी विभाग को क्रेडिट सुविध देती है और क्या उक्त अवधि के दौरान हवाई टिकटों की भुगतान नहीं की गई धनराशि पर एयर इंडिया को कोई ब्याज मिलता है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): एअर इंडिया एक्स्प्रेस लिमिटेड (AIXL) में एअर इंडिया लिमिटेड (AIL) की 100% तथा एअर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड में 50% की शेयरधारिता सहित एअर इंडिया लिमिटेड में 100% रणनीतिक विनिवेश के लिए रूचि अभिव्यक्ति का प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) दिनांक 27.1.2020 को जारी किया गया था। कोविड -19 महामारी के कारण, रुचि अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि को समय-समय पर बढ़ाया गया था। ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 14.12.2020 थी। विनिवेश की प्रक्रिया के अनुसार, किसी समूह या संस्था द्वारा पीआईएम के उत्तर में ब्याज की अभिव्यक्ति संव्यवहार सलाहकार को प्रस्तुत की जानी थी। प्राप्त ईओआई के मूल्यांकन के पूरा होने के पश्चात, संव्यवहार सलाहकार प्रत्यक्ष रूप से उनकी योग्यता और प्रस्तावित लेनदेन के लिए अगले कदम के संबंध में अर्हताप्राप्त इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित करेगा।

(ख): एअर इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों के विनिवेश के बाद भी, एअर इंडिया के साथ-साथ अन्य अनुसूचित एयरलाइनों को अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवाएं उपलब्ध होंगी।

(ग): 31.12.2020 तक, एयर इंडिया के विभिन्न सरकारी विभागों के अंतर्गत कुल एअर इंडिया की बकाया राशि, जिसमें वीवीआईपी(VVIP) प्रचालन के लिए बकाया राशि 498.17 करोड़ रुपए थी।

(घ): सामान्यत:, भारत सरकार के विभागों की ऋण अवधि बीजक की प्राप्ति से 15 से 30 दिनों तक भिन्न होती है और ऋण अवधि के भीतर भुगतान न करने की स्थिति में एअर इंडिया को कोई ब्याज नहीं दिया जाता है।

*****